खबर संक्षेप

## अमरपाटन में अंधी हत्या का खुलासा: पत्नी के प्रेमी ने ही की थी पति की हत्या

**मैहर।** जिले के अमरपाटन (औद्योगिक क्षेत्र पडक्का) में हुई राजभान कोल की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि राजभान की हत्या उसकी पत्नी के पुराने प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। मृतक की पत्नी साधना और मुख्य आरोपी दिलीप पटेल के बीच शादी के बाद भी प्रेम-संबंध जारी थे, जिस पर राजभान को शक हो गया था। 3 अप्रैल को आरोपियों ने साजिश के तहत राजभान को शराब पार्टी के बहाने बुलाया और नशे में धुत होने पर पत्थर से सिर कूचकर व कांच की बोतल से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते की टीम ने साइबर सेल की मदद से मुख्य आरोपी दिलीप पटेल और उसके साथी जितेन्द्र कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने तकनीकी और मनोवैज्ञानिक पूछताछ के जरिए इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त की है।

## चाचा-भतीजे से लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**मैहर।** जिले की देहात पुलिस ने पिछले वर्ष अगस्त में हुई लूट की एक वारदात का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू मिश्रा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि का कुछ हिस्सा भी बरामद किया गया है। घटना 10 अगस्त 2025 की है, जब फरियादी अशोक पटेल अपने भतीजे राहुल के साथ रीवा से 25 हजार रुपये लेकर लौट रहे थे। रात के समय रिगरा पुलिया के पास बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और पैसे व आधार कार्ड लूट लिए थे। पुलिस ने विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर सिद्धार्थ उर्फ अनिकेत पटेल,जितेन्द्र उर्फ सुखेन्द्र पटेल और आशीष उर्फ आशुतोष पटेल को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया,जिसके बाद उनके पास से 5,000 रुपये नगद बरामद किए गए। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मैहर में, माँ शारदा के करेंगे दर्शन



**मैहर।** मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 8 अप्रैल को मैहर के प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह रीवा-भोपाल रेल मार्ग से मैहर पहुँचेंगे। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने उनके आगमन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। मंत्री विजयवर्गीय स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के साथ विश्व प्रसिद्ध माँ शारदा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। वे क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे सतना के लिए रवाना होंगे।

## सभागंज स्वास्थ्य शिविर: 189 मरीजों की हुई जाँच, 23 को होगा मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन

**मैहर।** ग्राम सभागंज में डॉ.रश्मि सिंह एवं डॉ.अरुणेन्द्र सिंह द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया। सदगुरु सेवा ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस शिविर में नेत्र,दंत और चर्म रोगों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया। उपलब्धियां: कुल 189 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और पंजीकरण हुआ। 23 मरीजों को मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चुना गया। 60 जरूरतमंदों को चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। विशेष सुविधा: शिविर में दंत परीक्षण,चर्म रोग परामर्श और बीपी की निःशुल्क जाँच की गई। डॉ.रश्मि सिंह ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना है।

# फसल और जिंदगी दोनों खाक: आग बुझाने की कोशिश में बुजुर्ग किसान की मौत



**सतना।** सतना जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के ग्राम बकोट से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है,जहाँ अपनी मेहनत की फसल को बचाने के प्रयास में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग किसान ने जान गंवा दी। यह मर्मांतक हादसा जनपद पंचायत मुख्यालय मझगवां से लगभग 30 किलोमीटर दूर घटित हुआ,जिसने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है।

### हादसे का घटनाक्रम

प्राप्त जानकारी के अनुसार,80 वर्षीय बुजुर्ग किसान अपने खेत-खलिहान की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से वहां रखी अरहर की तैयार फसल में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। अपनी साल



भर की मेहनत को राख होते देख बुजुर्ग किसान खुद को रोक नहीं पाए और आग बुझाने के लिए लपटों के बीच कूद पड़े।

### जद्दोजहद में गई जान

वृद्धावस्था के बावजूद,अपनी पूंजी (फसल) को बचाने की जद्दोजहद में किसान आग की चपेट में आ गए। धुएं और तेज लपटों के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए और झुलसने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब तक ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे,तब तक फसल और किसान की देह,दोनों राख में तब्दील हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बरौंधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है। इस घटना ने एक बार फिर किसानों की बेबसी को उजागर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन से पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे और सहायता की मांग की है,ताकि इस दुखद घड़ी में परिवार को संबल मिल सके।

# गरीब सेना ने कमिश्नर को हटाने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**सतना।** गरीब सेना ने नगर पालिक निगम सतना के कमिश्नर शेर सिंह मीणा को तत्काल प्रभाव से हटाकर उनके कार्यावधि में हुए भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की जॉच कराने सहित 10सूत्रीय मांगों को लेकर आज मुख्यमंत्री को ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।गरीब सेना ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में नगर पालिक निगम सतना में पदस्थ कमिश्नर शेर सिंह मीणा शहर की जनता की समस्याओं एवं शहर में पनप रही जनसमस्याओं के प्रति गंभीर नही हैं। कमिश्नर आमजनता से मिलना पसंद नही करते है,शहर के पीड़ति नागरिक प्रतीक्षा हाल में घंटों बैठें रहते हैं,अन्त में थक-हार कर वापस चले जाते है। आमजनता सामूहिक रूप से जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन देने जाते है तो कमिश्नर द्वारा ज्ञापन पत्र लेने से इनकार किया जाता है। दूरभाष में बातचीत करते है तो उनका जबाव होता है कि आवक-जावक में देकर चले जाओ,मुझे क्यों दोगें? अथवा स्टेनो के द्वारा कहलवा दिया जाता है कि आवक-जावक में जमा करवा दें। कमिश्नर की निष्क्रियता के चलते निगम का अधिकारी-कर्मचारी वेलगाम हो गया है। अधिकारी-कर्मचारी वर्ग करदाता या पीड़ित जनता के साथ गुण्डागर्दी,गाली-गलौज,मारपीट करने पर उतारू हो जाते है और काम में बाधा डालने का एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी जाती है।

# रीवा जोन में अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा: आईजी गौरव राजपूत की 'जीरो टॉलरेंस' कार्रवाई

**सतना/ मैहर।** रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक ( आईजी) गौरव राजपूत के नेतृत्व में पिछले एक वर्ष (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध अभूतपूर्व अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत जोन के सभी जिलों में 11 बार कॉम्बिंग गश्त की गई,जिसमें पुलिस ने 1920 स्थायी और 4408 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। साथ ही 3378 निगरानी बदमाशों और 4660 गुंडा तत्वों की सघन जांच की गई।

नशा मुक्ति के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन प्रहार 1.0 और 2.0' के तहत पुलिस ने 705 केस दर्ज कर 1142 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 5.38 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त 7.73 करोड़ रुपये के वाहन जब्त किए गए। अवैध शराब के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए 11,332 मामले दर्ज किए गए और करीब 82,000 लीटर शराब जब्त की गई। आईजी गौरव राजपूत की इस सख्त कार्यशैली का उद्देश्य 'भयमुक्त रीवा, सुरक्षित रीवा' के संकल्प को धरातल पर उतारना है, जिससे अपराधियों में खौफ और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है।




### अब जनता के बीच पहुँचेगी पुलिस

'ऑपरेशन प्रहार' की सफलता के बाद,आईजी गौरव राजपूत अब पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने के लिए 'जन चौपाल अभियान' की शुरुआत कर रहे हैं। इस पहल के तहत रीवा,सतना, सीधी,सिंगरौली,मऊगंज और मैहर जिलों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से चौपाल लगाई जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी बनाना और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। इस अभियान के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतों की सुनवाई करेंगे। जन चौपाल में विशेष रूप से महिला सुरक्षा,नशा मुक्ति और साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। आईजी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्थानीय समस्याओं और प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता के साथ,जनता के लिए पुलिस के मंत्र के साथ शुरू होने वाला यह अभियान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मानवीय और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मझगवां में एमडीएम घोटाले की गूँज: भ्रष्ट समूहों पर शिकंजा कसने की तैयारी



**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना में बड़े स्तर पर धांधली की आशंकाओं ने अब तूल पकड़ लिया है। आरोप है कि कई महिला स्व-सहायता समूह बच्चों के पोषण के लिए आने वाली राशि का बंदरबांट कर रहे हैं,जिससे न केवल शासन को आर्थिक क्षति हो रही है,बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

### अनियमितताओं का अंबार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के दर्जनों समूहों के पास न तो भोजन वितरण का सही रिकॉर्ड है और न ही समय पर इनका ऑडिट कराया गया है। सबसे गंभीर मुद्दा भोजन की गुणवत्ता का है; शासन के निर्धारित मीनू को ताक पर रखकर बच्चों को निम्न स्तर का भोजन परोसा जा रहा है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे उपस्थिति बढ़ाकर राशि आहरित करने के मामले भी चर्चा में हैं।

### ठंडे बस्ते में नोटिस,बुलंद हौसले

हैरानी की बात यह है कि पूर्व में कुछ अधिकारियों ने इन समूहों को नोटिस जारी किए थे,लेकिन राजनीतिक रसूख और प्रशासनिक मिलीभगत के चलते इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नोटिस फाइलों में दबकर रह गए,जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले और बढ़ गए।

### वसूली और ब्लैकलिस्टिंग की मांग

अब यह मामला सीधे जिला पंचायत के संज्ञान में लाया गया है। जागरूक नागरिकों और शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि दोषियों से गबन की गई राशि की वसूली की जाए,संबंधित समूहों को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट किया जाए और जवाबदेह अधिकारियों पर भी सख्त कानूनी गाज गिरे। बच्चों का हक खाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा की चेतावनी के साथ अब जांच की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

# मैहर में आदिवासी कांग्रेस की बैठक संपन्न समाज के अधिकारों को लेकर बनी रणनीति



**मैहर।** मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं रीवा संभाग प्रभारी इंजी.सोमवारु कोल के नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आदिवासी समाज ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई,जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष बृजभान कोल एवं मैहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय में हुआ,जहां बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वागत के पश्चात समाज के विभिन्न मुद्दों,अधिकारों और आगामी कार्ययोजना पर गंभीर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासी समाज के हक और अधिकारों की रक्षा की है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में वनाधिकार कानून लागू कर आदिवासियों को जमीन का हक दिलाया गया शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में विशेष योजनाएं चलाई गईं आज वर्तमान सरकार की नीतियां आदिवासी समाज के हितों के विपरीत कार्य कर रही हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष बृजभान कोल ने कहा कि आदिवासी समाज आजभी अपने मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। मैहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने कहा कि जंगल,जमीन और जल पर पहला अधिकार आदिवासियों का है सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संगठित होकर आवाज उठानी होगी कांग्रेस ही वह मंच है जो आदिवासी समाज को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने सभी उपस्थित साथियों से संगठन को मजबूत करने और आगामी आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 114 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे114आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद,राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण,पेंशन,छात्रवृत्ति,आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं।कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।




### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 44 आवेदन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से आये आवेदकों को अपने समक्ष सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बिठाकर आत्मीयता के साथ उनकी समस्यायें सुनी और निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान जिले से 44 आवेदक अपने समस्या लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

खबर संक्षेप

## पैसे के विवाद में कलयुगी बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुकेहा में एक कलयुगी बेटे द्वारा अपने वृद्ध पिता पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 70 वर्षीय फरियादी राजाराम राजपूत अपने छोटे बेटे बृजेन्द्र के साथ गौशाला (सार) में गाय दुह रहे थे। इसी दौरान उनका बड़ा बेटा जगवीर सिंह राजपूत वहाँ पहुँचा और मोटरसाइकिल की किश्त के पैसों को लेकर विवाद करने लगा। पिता द्वारा समझाइश देने पर आक्रोशित जगवीर ने पास पड़ी लोहे की रॉड से पिता के सिर और हाथ पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।बीच- बचाव करने आए छोटे बेटे और बहू को भी आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। घायल वृद्ध की रिपोर्ट पर अमानगंज पुलिस ने आरोपी जगवीर सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 118(1) और 351(3) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जनसुनवाई में आए 36 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 36 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर ऊषा परमार सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं निराकृत कीं। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार, 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई है। सिविल सर्जन एवं समिति के सचिव डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## सामान्य सभा की बैठक आज

**पन्ना।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभागार में 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे से आहूत की गई है। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा विभिन्न विभाग अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा के साथ भूमि अभाव के कारण अप्रारंभ निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा बजट उपलब्धता सहित गत बैठक के पालन प्रतिवेदन के संबंध में चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने सामान्य सभा की बैठक में सर्वसंबंधित विभागीय अधिकारियों से उपस्थित रहने के लिए कहा है।

## कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार की सायं कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर अधिक अवधि के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए।बंटवारा, सीमांकन एवं अविवादित नामांतरण प्रकरण तात्कालिक रूप से कोर्ट में दर्ज कर समयावधि में इनका निराकरण किया जाए। इस मौके पर राजस्व विभाग अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत निकायवार हितग्राहियों की पात्रतानुसार अनुमोदन तथा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही नगरीय निकायों में सर्वेक्षण उपरांत पट्टा वितरण कार्यवाही के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित तहसीलदार भू संसाधन प्रबंधन मेघेन्द्र बंद्योपाध्याय भी उपस्थित रहे।

# रूंज डेम हो या मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना तथा केन बेतवां लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष आखिर क्यों मौंन है?

रूंझ डेम परियोजना या मध्यम सिंचाई परियोजना मझगांय तथा केन बेतवां लिंक परियोजना के प्रभावित गांवों की जनता को जहां मुआवजे की राषि को लेकर जो पन्ना से दिल्ली तक की आवाज न्याय की मांग को लेकर अमित भटनागर के नेतृत्व में की जा रही है वहीं सत्ता पक्ष या विपक्ष की पार्टी के जनप्रतिनिधियों को जनता का यह दर्द क्यों नहीं भा रहा है।





पन्ना।

आखिर इसके पीछे हकीकत क्या छतरपुर जिले के अमित भटनागर पर पन्ना जिले के कई गांवों की जनता का भरोसा सड़को में दिखा। पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जनता का भरोसा आखिरकार क्या?

लोकतंत्र में जनता का शासन जनता के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जाना जाता है। आम जनता की सेवा के लिए जनप्रतिनिधि कहीं न कहीं संकल्प देते है कि मतदान के समय तो गांव-गांव पहुंचकर जनता के सामने सुखदुख के समय साथ निभाने का वादा करते है। पर सबसे बड़ी दास्ता पन्ना जिला मुख्यालय में उस समय नजर आ रही थी जब सड़कों में आम जनता के कई गांवों के लोग जिसमें महिलायें भी भारी संख्या में सहभागिता निभा रही थी। ये जनता उन गांवों की थी जिन गांवों की जनता रूंझ डेम परियोजना व मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना तथा पन्ना जिले के जिन गांवों में केन बेतवा लिंक परियोजना के कारण प्रभावित होना पाया जाता है। सभी जनता की आवाज न्याय की मांग को लेकर पन्ना से दिल्ली तक पहुंचने की तैयारी गांव से सड़क से जिला मुख्यालय के डायमण्ड चौक में सड़क में ही बैठकर अपनी आप बीती पुलिस प्रषासन व राजस्व प्रषासन के जिम्मेदार के सामने आवाजें बुलंद हो रही थी। हमें न्याय नहीं मिल रहा तो हम दिल्ली जायेगें। वहीं छतरपुर जिले के निवासी अमिट भटनागर इन प्रभावित परिवारों का नेतृत्व करते महीनों से नजर आ रहे है। वहीं आम जनता को लेकर दिल्ली के लिए पन्ना जिला मुख्यालय के डायमण्ड चौक से विगत दिवस 5 अप्रैल को रवाना हुए। पर सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जिस जनता ने चाहे सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों की बात करें या विपक्ष में भूमिका निभानी वाली पार्टियों की बात करें आम जनता ने जिन्हें बनाया जिनके पक्ष में मतदान किया कोई भी जनप्रतिनिध अपनी जनता के साथ नहीं दिख रहे थे। वहीं अमित भटनागर के द्वारा इस जनता का नेतृत्व किया जा रहा था आखिरकार इसके पीछे क्या है सच्चाई। क्या सत्ता पक्ष व विपक्ष के लिए यह जनता का दर्द नहीं या फिर यह सबकुछ नाजयज है। अपने आप में सवाल तो है ही। आखिरकार सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि हो या विपक्ष पार्टी के लोग क्या प्रभावित परिवारों की इस दास्ता से अंजान है। जहां गांव से लेकर सड़क वहीं जिला मुख्यालय में कई बार विरोध के श्वर गूंजे न्याय की मांग को लेकर घर-घर से आटा एकठ्ठा किया वहीं जिला मुख्यालय से दिल्ली के लिए अमिट भटनागर के नेतृत्व में गांवों की जनता जिसमें भारी संख्या में महिलायें भी नजर आ रही थी दिल्ली के लिए अपना दर्द विरोध प्रदर्षन के रूप में व्यक्त करने के लिए पहुंची। पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के द्वारा आम जनता की इस दास्ता से दूरी क्यों। आखिर क्यों सत्ता पक्ष व विपक्ष के जनप्रतिनिधि मौन है। क्या इन पोलिंग बूथों से अब कोई इन्हें वास्ता नहीं क्योंकि इन्हें तो कहीं और बसाया जाना होगा। तभी तो सायद यह दूरी जनप्रतिनिधियों की चर्चा का विषय कई तरह की चर्चायें राजनैतिक गलियारो में बनी हुई है। क्योंकि जनता के दुख दर्द में समाजसेवा हो या जनसेवा को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष की पार्टियां दावा करती है जनता का दर्द बांटने को लेकर यहां तो दूरी चर्चा का विषय।

## देवरी गढ़ी में घटिया निर्माण पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, एक हफ्ते में जांच नहीं तो चक्का जाम

### देवरी गढ़ी में 55 लाख के निर्माण पर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीण बोले- जांच नहीं तो चक्का जाम





देवेन्द्रनगर।

जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी गढ़ी में लगभग 55 लाख रुपए की लागत से बन रही उप स्वास्थ्य केंद्र भवन अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार, घटिया सामग्री के उपयोग और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक जांच के नाम पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई, तो चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्राम पंचायत देवरी गढ़ी में पुलिस हाउसिंग बोर्ड की ओर से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराया जा रहा है। करीब 55 लाख रुपए की इस सरकारी परियोजना को लेकर अब गांव में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और खुला भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, भवन निर्माण का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि भवन को देखकर ही उसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दीवारों की चुनाई डस्ट से की गई है, वहीं पेपर ब्लॉक ईंटों जैसी घटिया क्वालिटी की ईंटें लगाई गई हैं। इतना ही नहीं, भवन के पीछे नाले की रेत और मिट्टी युक्त सामग्री का इस्तेमाल किए जाने के भी आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में जिस तरह की सामग्री लगाई गई है, उससे यह भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इसकी जांच नहीं हुई, तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे हैं, वीडियो सामने आ रहे हैं, निर्माण कार्य लगभग पूरा होने की कगार पर है, तब भी जिम्मेदार अधिकारी आखिर किस बात का इंतजार कर रहे हैं? ग्रामीणों का आरोप है कि जांच के नाम पर आज तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदार विभाग या तो मामले को दबाने में लगा है या फिर ठेकेदारों को खुली छूट दे रखी है। गांव में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई और भवन को दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं बनवाया गया, तो गांववासी चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है या फिर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में जुटा रहता है।



### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दिव्यांगों को ट्राइ साइकिल वितरित

## बैटरी चलित सायकिल से आसान होगी राह



पन्ना।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीपा संस्था द्वारा एस.बी.आई फाउन्डेसन के सहयोग से संचालित ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि खण्ड चिकित्सा अधिकारी शोभाराम शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रामआसरे कोरी, गौरव कुमार एवं सुश्री पूजा सिंह उपस्थिति रही। संस्था की तरफ से मंच संचालन सुमेश उरमलिया के द्वारा किया गया, सबसे पहले उपस्थित प्रतिनिधि को ग्राम सेवा कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया गया, तत्पश्चात 4 ग्राम के चिन्हित 9 दिव्यांग व्यक्तियों को इलेक्ट्रॉनिक ट्राइसाइकिल मंच में उपस्थित प्रतिनिधियो व अधिकारियो के मध्यम से वितरित करवाई गई, जिससे उनके दैनिक जीवन में आने-जाने की सुविधा बढ़ सके और उनका आत्मविश्वास मजबूत हो सके। कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक से गौरव कुमार जी डिप्टी ब्रांच मैनेजर शाखा अजयगढ़, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. शोभाराम शर्मा खण्ड चिकित्सा अधिकारी सीपा संस्था से कार्यक्रम प्रबंधक पूजा सिंह,फिल्ड अफिसर प्रदीप कुमार पिडिहा अतुल यादव एवं समस्त परियोजना स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की आवश्यकता अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समयकृ समय पर हमें इस तरह के कार्यक्रमो का आयोजन कर दिव्यांगजनों की सेवा करनी चाहिऐ, जिससे समाज में पनप रही कुरीतियों से लडने की ताकत बनी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों और स्थानीय लोगों ने सीपा संस्था और एस.बी.आई फाउन्डेसन के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## जनगणना के दृष्टिगत समस्त अवकाश पर लगा है प्रतिबंध

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में शैक्षणिक संवर्ग के लोकसेवकों को भी मुख्यालय पर निवास करना अनिवार्य

**पन्ना।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार द्वारा जनगणना 2027 अंतर्गत एवं जनगणना अधिनियम 1948 के तहत न्याय, पुलिस, वन विभाग एवं होमगार्ड को छोड़कर पूर्व में जिले के सभी लोकसेवकों के अवकाश प्रतिबंधित किए गए थे। इस अनुक्रम में तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर शैक्षणिक संवर्ग के लोकसेवकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में अपने मुख्यालय पर ही निवास करना अनिवार्य किया गया है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी से मुख्यालय छोड़ने की लिखित अनुमति प्राप्त होने पर ही लोकसेवक को नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। चार्ज जनगणना अधिकारी द्वारा आवश्यकता मुताबिक जनगणना कार्य के संबंध में आदेश जारी करने की स्थिति में संबंधित लोकसेवक को अनिवार्य रूप से निर्दिष्ट स्थान पर उपस्थिति प्रस्तुत करना होगी। जिले के समस्त जिला अधिकारियों को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी से मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। किसी बीमारी के कारण अवकाश लेने की स्थिति में शासकीय सेवक को जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपने नियंत्रणकर्ता अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा आवेदन एवं मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र अपर कलेक्टर एवं



जिला जनगणना अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। इसके उपरांत विधिवत स्वीकृति एवं अनुमति जारी होने पर संबंधीजन अवकाश का लाभ ले सकेंगे। नियंत्रणकर्ता अधिकारी मेडिकल अवकाश की अनुशंसा भेजने संबंधी पत्र में यह उल्लेखित करेंगे कि संबंधित लोकसेवक द्वारा निर्वाचन ड्यूटी और जनगणना ड्यूटी के समय कब-कब मेडिकल अवकाश लिया गया था। इसके अलावा सेवाकाल विवरण भी प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन एवं जनगणना ड्यूटी के दौरान ही संबंधित लोकसेवक द्वारा बार-बार अवकाश लेने की स्थिति में शासन नियमों के अनुसार अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

## भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा और पन्ना संगठन प्रभारी जाहर सिंह अल्प प्रवास पर अमानगंज पहुंचे

अमानगंज।



आज दिनांक 07/04/26 को दिन मंगलवार को अमानगंज मंडल की ग्राम पंचायत मझगवां शेख भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा गांव चलो अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा और भाजपा जिला प्रभारी जाहर सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष श्री मति सरिका खटीक पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी मंडल पदाधिकारी के साथ बूथ क्रमांक 04 जाकर भाजपा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं मुलाकात की उनका हाल-चाल जाना उसके बाद गांव के बीच में एक पेड़ के नीचे जनता जनार्दन के साथ में गांव चलो अभियान के तहत एक चौपाल लगाई। सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा और जिला संगठन प्रभारी जाहर सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद अमानगंज मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी और मंडल के उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत, अमित द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह राजपूत, नत्थू सिंह राजपूत ने भाजपा जिला अध्यक्ष और भाजपा जिला प्रभारी का भाजपा का गमछा ओर साल श्रीफल से स्वागत किया। उसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी जनता जनार्दन से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली और उनका मार्गदर्शन किया। गांव वालों के द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष से पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया तो भाजपा जिला अध्यक्ष ने तुरंत संबंधित अधिकारी से बात करके उसका निराकरण किया और उनके द्वारा अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सरिका खटीक से कहा पीने वाले पानी का टैंकर अमानगंज से मझगुवा शेख भिजवाया जाए यह बात सुनकर गांव की जनता में खुशी का माहौल बन गया। उसके बाद भाजपा संगठन जिला प्रभारी जाहर सिंह ने जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं से आयुष्मान योजना के बारे में जानकारी ली तब गांव वालों ने कहा हमारे यहां लगभग सभी के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। इसके बाद अमानगंज मंडल के उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत जी के घर जाकर सभी कार्यकर्ताओं ने भोजन ग्रहण किया और उसके बाद बूथ क्रमांक 4 के बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत के घर पहुंचे उनके घर वालों से मुलाकात की फिर भाजपा जिला अध्यक्ष और उनके साथ में श्रीमंडल की पदाधिकारी ग्राम पंचायत सिरी के दोनों बूथ पर जाकर बूथ अध्यक्ष कीर्ति भान सिंह और सरमन सिंह राजपूत के साथ बैठकर बूथ समिति की बैठक ली और संगठन के बारे में उनसे जानकारी पूछी। आने वाले माह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम सभी के साथ देखा जाए सभी को सुनवाया जाए ऐसा निर्देशित किया। आज के कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के साथ जिला प्रभारी जाहर सिंह मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी पूर्व मंडल महामंत्री प्रदीप अवस्थी मंडल उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आनंद सिंह राजपूत रामबहोरी राजपूत पंकज परोहा उपस्थित रहे।

## गांवों की विद्युत काटी तो विद्यालयों में भी बिल जमा होने के बाद भी विद्युत व्यवस्था ठप्प क्यों?

### विद्युत विभाग ने विद्यालयों की भी विद्युत व्यवस्था की ठप्प

**पन्ना।** पन्ना जिले में जहां कई स्कूलों की विद्युत व्यवस्था जो सतत रूप से जारी थी वहीं कई गांवों की विद्युत की व्यवस्था बिल विद्युत के न जमा होने के कारण विद्युत व्यवस्था सप्लाई को लेकर बंद की गई। जिसके चलते विद्यालयों के भी विद्युत अब भरी गर्मी के मौसम में ठप्प हो गई है। वहीं दूसरी तरफ विद्युत व्यवस्था जहां अप्रैल माह में विद्यालयों में जब बच्चे बुलाकर षिक्षा सत्र आरंभ कर दिया गया फिर भी विद्युत की समस्या के चलते जहां बच्चों को भी इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। आखिरकार जब शासकीय विद्यालय विद्युत बिल प्रदान करते है तो फिर विद्यालयों की विद्युत क्यों काटी जा रही है या विद्यालयों में विद्युत की सप्लाई क्यों बंद की जा रही है। जहां 24 घंटे विद्युत प्रदान करने के लिए सरकार की मंषा थी अब वहीं शासकीय स्कूलों में जहां स्कूल चलो अभियान में जिला कलेक्टर से लेकर सभी अधिकारी विद्यालयों में स्वयं पढ़ाने पहुंच रहे है। वहीं विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था ठप्प कर दी गई। आखिरकार कैसे विद्यालयों में इस भीषण गर्मी में बच्चे व षिक्षकों के दिन कटेगें। निष्चितौर पर एक बड़ी समस्या को लेकर विद्युत विभाग के जिम्मेदारों ने अंजाम दिया है। कैसे इन विद्यालयों में बच्चे स्कूलों में पढ़ने के लिए पर्याप्त समय तक रहेगें क्योंकि जहां गर्मी के मौसम में एक घंटे में ही बेचैनी की दास्ता बन जाती है वहीं पूरे दिन विद्यालयो में विद्युत ठप्प होने के कारण कैसे संचालित होगें विद्यालय यह तो जिम्मेदार ही बयां कर सकते है। आखिरकार जब शासकीय विद्यालयों का बिल जमा रहता है तो फिर विद्युत व्यवस्था प्रदान क्यों नहीं की जा रही। जो अपने आप में कहीं न कहीं विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली से जाना जा सकता है। सूत्रों की माने तो गांवों के लोगों के द्वारा विद्युत बिल जमा नहीं किये जाने के कारण गांवों की सप्लाई रोकी जा रही है जिसके चलते विद्यालयों में भी विद्युत ठप्प कर दी गई पर सवाल तो यह है कि जब विद्यालयों के बिल जमा होते है तो फिर विद्युत क्यों काटी जाये। आखिरकार कब शासकीय विद्यालयों में सतत विद्युत प्रवाह की दिषा तय होगी। आखिरकार कैसे संचालित होगें विद्यालय अप्रैल माह में जहां बच्चों को पढ़ने के लिए बुलाया जाता है स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ बड़े जोर-सोर के साथ किया गया वहीं स्वयं जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर ऊषा परमार से लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारी बच्चों को पढ़ाने विद्यालय तक पहुंच रहे है। पर वहीं विद्युत व्यवस्था ठप्प होने के कारण स्कूलों का संचालन समस्या घेरे में।

### इनका कहना है-

इस संबंध में पन्ना ग्रामीण विद्युत विभाग के वाईसी से बात की गई तो उनका कहना है कि समस्त विद्यालयों की विद्युत व्यवस्था पूर्व की तरह जारी रखी जायेगी।

संतोष विष्वकर्मा,
वाईसी ग्रामीण विद्युत विभाग
पन्ना

# अर्ध घुमक्कड़ समुदाय ने किसान परिवार पर किया हमला, 4 आरोपियों पर केस दर्ज



## धरमपुर में बकरी को लेकर विवाद हिंसक रूप ले गया

छतरपुर।

छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरमपुर में बकरी को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद बुधवार शाम को हिंसक झड़प में बदल गया। घनश्याम दास कुशवाहा (55) के खेत पर गांव के अर्धघुमक्कड़ समुदाय के कुछ लोग बकरी लेकर पहुंचे। जब उन्हें रोका गया तो पहले उनके छोटे बेटे के साथ तीखा विवाद हुआ, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया।

बताया जा रहा है कि शाम के समय आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे लेकर कुशवाहा परिवार पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

मामले की सूचना मिलते ही नौगांव थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी राघवेंद्र आदिवासी, अर्जुन आदिवासी, करन आदिवासी और मुकद्दम आदिवासी सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 351(3) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है।

घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टरों में सवार होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कलेक्टरेट पहुंचे। उन्होंने वहां ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि अर्धघुमक्कड़ समुदाय के कुछ लोग गांव में लगातार विवाद और मारपीट की घटनाएं करते रहते हैं, जिससे पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

## छतरपुर में मारपीट का गंभीर मामला नामजद आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में एक गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि नामजद आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 3 अप्रैल 2026 की रात करीब 1:30 बजे की है, जब प्रार्थी का भाई पूरन अहिरवार खेत पर रखवाली कर रहा था। इसी दौरान आरोप है कि अनु महाराज, राजू महाराज, हरी महाराज, रानू उर्फ बाबा सेन सहित 4-5 अन्य अज्ञात लोग लोहे की रॉड, कुल्हाड़ी, फरसा और डंडे लेकर पहुंचे और पूरन अहिरवार के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे। पीड़ित के अनुसार, हमले में पूरन अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गया और खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 के माध्यम से उसे जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस मामले में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 0192/2026 दर्ज किया गया है। हालांकि, प्रार्थी का आरोप है कि पुलिस ने केवल दो आरोपियों के नाम एफआईआर में दर्ज किए हैं, जबकि अन्य नामजद आरोपियों—हरी महाराज और राजू महाराज—के नाम हटा दिए गए हैं और उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है।पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वहीं, गंभीर चोटों के बावजूद एफआईआर में उचित धाराएं नहीं जोड़ी गई हैं। प्रार्थी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।



# स्वामी प्रणवानंद टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन की बैठक में विधायक अरविंद पटैरिया से कई अहम सुझाव



## खजुराहो में पर्यटन को नई दिशा देने की मांग

खजुराहो।

स्वामी प्रणवानंद टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन खजुराहो द्वारा होटल सिद्धार्थ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की मुख्य अतिथि के रूप में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने शिरकत की, जबकि नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का आयोजन गाइड अवधेश तिवारी एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी चौबे के प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने खजुराहो के पर्यटन विकास से जुड़ी कई समस्याओं और सुझावों को विधायक अरविंद पटैरिया के समक्ष रखा।

सदस्यों ने सबसे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के मंदिरों के टिकट को लेकर समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पर्यटकों को मंदिर देखने के लिए केवल ऑनलाइन टिकट लेना पड़ता है, जिसके कारण कई पर्यटक जो ऑनलाइन टिकट नहीं बना पाते, मंदिर देखे बिना ही खजुराहो से वापस चले जाते हैं। सदस्यों ने आग्रह किया कि पर्यटकों को ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन टिकट की भी व्यवस्था की जाए।

दूसरी प्रमुख मांग क्लाक रूम की व्यवस्था को लेकर थी। सदस्यों ने विधायक से अनुरोध किया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कार्यालय में जल्द से जल्द एक क्लाक रूम की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

विधायक अरविंद पटैरिया ने बैठक में खजुराहो के पर्यटन को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त सुझाव मांगे। इस पर गाइड अखिलेश मिश्रा ने महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि जापान में दो महीने तक मनाए जाने वाले चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल की तर्ज पर खजुराहो में पलास के फूलों के खिलने के मौसम को 'पलास महोत्सव के रूप में मनाया जाए। इससे विश्व स्तर के पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।

अखिलेश मिश्रा ने यह भी सुझाव दिया कि खजुराहो को सीजनल डेस्टिनेशन की बजाय साल भर पर्यटकों को आकर्षित करने वाला स्थल बनाने के लिए नियमित रूप से विभिन्न इवेंट आयोजित किए जाएं, जिससे पर्यटक यहां अधिक समय तक रुक सकें। तीसरा प्रमुख सुझाव रनेह वाटर फॉल को लेकर था। सदस्यों ने कहा कि रनेह वाटर फॉल का नाम बदलकर रनेह वॉल्केनो कर दिया जाए। कारण यह बताया गया कि यहां जलप्रपात केवल दो महीने ही दिखता है, जबकि यह जगह हजारों वर्ष पुराना ज्वालामुखी है, जहां अलग-अलग प्रकार के रॉक फॉर्मेशन देखे जा सकते हैं। नाम बदलने से देशी-विदेशी पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा और वे हर मौसम में यहां पहुंचेंगे। बैठक के अंत में स्वामी प्रणवानंद टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी चौबे ने सभी का आभार व्यक्त किया, जबकि सचिव ने सभी उपस्थित सदस्यों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ढोडन बांध प्रभावित ग्रामों में धारा 163 तत्काल प्रभाव से लागू

## जिला मजिस्ट्रेट ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया, उल्लंघन करने पर होगी कार्यवाही

छतरपुर।

केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत ढोडन बांध से प्रभावित ग्राम तहसील सटई अंतर्गत ढोडन, खरयानी, पलकौहा, सुकवाहा, भोरखुवा, घुघरी एवं ग्राम तहसील बिजावर अंतर्गत कुपी, शहपुरा, बसुधा, नैगुवां, ककरा, पाठापुर, डुगरिया, कदवारा सहित उक्त ग्रामों की सीमा से लगे हुये ग्राम एवं तहसील मुख्यालय बिजावर एवं तहसील मुख्यालय सटई में वर्तमान समय में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित कर जिले में भय एवं अशांति के वातावरण उत्पन्न होने से उपरोक्त ग्रामों में शांति एवं कानून व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने के साथ-साथ मानव जीवन एवं लोकसंपत्ति की छति के संकट का भय बना हुआ है। ऐसी परिस्थिति में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि उपरोक्त ग्रामों के अलावा अन्य बाहरी जिले एवं ग्रामो के व्यक्ति जो बिना किसी कारण के रूके हुए है जिसकी जानकारी पुलिस थाने पर हो। ताकि आवश्यकता पडने पर उनका सत्यापन कराया जाकर लोकसंपत्ति एवं मानव जीवन की सुरक्षा के खतरे को कम किया जा सके। अतः इन परिस्थितियों में कुछ आसामाजिक तथ्यों द्वारा अवांछनीय गतिविधियों को संचालित किये जाने की प्रबल आशंकाओ के कारण जनसामान्य के जानमाल को आसन्न खतरा उत्पन्न हो गया है तथा भविष्य में इन कारणो से लोकशांति भंग होने की प्रबल आशंकाए भी व्याप्त हो रही है। अतः इन पर अंकुश लगाये जाने की आवश्यकता प्रतीत होने पर जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल छतरपुर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत जन सामान्य के हित / जानमाल एवं लोकशांति बनाए रखने हेतु उपरोक्त दर्शित ग्रामों की राजस्व सीमा एवं सटई, बिजावर तथा छतरपुर नगर की सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

आदेशानुसार ऐसे समस्त व्यक्ति जो इन ग्रागों के निवासी नही है एवं इन ग्रामों में दूसरे जिलो से आकर यहां निवास कर रह रहे है वह तत्काल प्रभाव से इन ग्रामों की एवं सटई तथा बिजावर नगर की सीमा सहित संपूर्ण जिले की सीमा को छोड़कर दूर चले जाएं।

उपरोक्त ग्रामों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियो का समूह किसी प्रकार की आमसभा जूलूस, प्रदर्शन का आयोजन क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना नहीं करेगा।

ग्राम ढोडन के अन्तर्गत निर्मित बांध के कार्यक्षेत्र एवं बांध में कार्यरत (अधिकृत) अधिकारी / कर्मचारियों को छोड़कर कोई भी पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित न हो। चूकि यह आदेश जन साधारण की सुविधा से किया जाना आवश्यक हो गया है। इसलिए इतना समय उपलब्ध नही है कि जनसामान्य एवं सभी पक्षों को उक्त सूचना की तामीली की जा सके, अतः यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। अत्यंत विशेष परिस्थितियो में अधोहस्ताक्षकर्ता संतुष्ट होने पर आवेदक को किसी भी लागू शर्तो से छूट दे सकेगा। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। तथा उक्त प्रभावशील अवधि में उक्त आदेश का उल्लंघन धारा 223 भारतीय दंड विधान अंतर्गत दंडनीयत अपराध की श्रेणी में आएगा। यह आदेश 6 अप्रैल 2026 से दो माह तक की अवधि के लिए जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह ने संभाला जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार



छतरपुर। जिले में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला जब डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में कौशल सिंह ने स्पष्ट संकेत दिए कि अब जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सभी सुविधाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि 1 अप्रैल से आयोजित पुस्तक मेले की अवधि को दो दिन बढ़ा दिया गया है। मेले में करीब 17 दुकानों ने भाग लिया है, जहां छात्रों और आम नागरिकों की पुस्तकों में खासी रुचि देखी जा रही है।

### 15 हजार छात्रों के भविष्य पर संकट, परीक्षा फॉर्म साइट बंद होने से हंगामा



छतरपुर में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा फॉर्म भरने की साइट बंद होने से करीब 15 हजार छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।छात्रों ने साइट दोबारा खोलने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान छात्रों का कहना था कि तकनीकी समस्याओं और जानकारी के अभाव में कई छात्र समय पर फॉर्म नहीं भर पाए।वहीं विश्वविद्यालय के कुल सचिव यशवंत सिंह पटेल ने स्पष्ट किया कि साइट पहले ही खोली गई थी और छात्रों को पर्याप्त समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि अब दोबारा साइट खोलना संभव नहीं है, जिससे छात्रों में आक्रोश और बढ़ गया है।

### पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनरल परेड, एडिशनल एसपी ने किया निरीक्षण



छतरपुर। पुलिस लाइन छतरपुर में पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित रूप से परेड का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनरल परेड आयोजित की गई।जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य पटले ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा अनुशासित एवं सुसंगठित ढंग से मार्च पास्ट सहित विभिन्न परेड अभ्यासों का प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस परेड में मुख्यालय के विभिन्न थानों एवं कार्यालयों से पुलिसकर्मी, थाना यातायात स्टाफ, बम निरोधक दस्ता एवं डॉग स्क्वाड के सदस्य उपस्थित रहे।

### सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब,



ईशानगर। क्षेत्र के पत्चलौरनपुरवा स्थित बरमदेव बब्बा जू के स्थान पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरा क्षेत्र भक्ति और आध्यात्मिक माहौल में सराबोर नजर आ रहा है।कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास देवेंद्र मिश्रा ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण एवं मनमोहक वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और वातावरण जयकारों से गूंज उठा।इस पावन आयोजन की निवेदक श्रीमती देवकी प्रेमनारायण पटेरिया हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

**श्रीराम जानकी प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ कुण्डीय महायज्ञ 19 से 24 अप्रैल तक**

# 19 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा



छतरपुर

जिले के बिजावर तहसील अंतर्गत ग्राम गंज सिजारी स्थित श्री बिहारी जू मनकामेश्वर हनुमान मंदिर में 19 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक श्रीराम जानकी प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। आयोजन की शुरुआत 19 अप्रैल को विशाल कलश यात्रा के साथ होगी। 20 अप्रैल को पूज्य बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वचन एवं पावन उपस्थिति रहेगी। 21, 22 एवं 23 अप्रैल को संत श्री सुदर्शन शरण महाराज (गोवर्धन धाम) के मुखारविंद से तीन दिवसीय प्रवचन एवं सत्संग आयोजित होगा। 24 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे, जिनमें 19 अप्रैल को श्री श्याम संकीर्तन, 20 अप्रैल को परशुराम अवस्थी, सौम्या बुधौलिया, संतोष वासुदेव (गोरा सांची बताओ फेम) एवं आकांक्षा राव (इंडियन आइडल फेम) की प्रस्तुति रहेगी। 21 अप्रैल को कविता शर्मा, 22 अप्रैल को राम किशोर यादव, 23 अप्रैल को खनिज देव चौहान एवं 24 अप्रैल को दिन में जय प्रकाश पटैरिया तथा रात्रि में बाबूलाल राजपूत एवं कल्पना दुबे द्वारा जवाबी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। यह संपूर्ण आयोजन संत श्री रामानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य एवं संरक्षण में संपन्न होगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

**19 करोड़ की लागत से बना आधुनिक अस्पताल, मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं**

# 9 अप्रैल को होगा नौगांव सिविल अस्पताल का शुभारंभ



छतरपुर।

जिले के नौगांव क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी सौगात के रूप में सिविल अस्पताल के नव-निर्मित भवन का शुभारंभ 9 अप्रैल को किया जाएगा। करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस आधुनिक अस्पताल भवन से क्षेत्रीय मरीजों को बेहतर और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

शुभारंभ कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। अस्पताल के संचालन और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए नौगांव के बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल द्वारा भवन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ओपीडी सेवाओं की शुरुआत भी की।

बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि नए भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे मरीजों को इलाज के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ माइनर और मेजर ऑपरेशन की सुविधा, ब्लड स्टोरेज यूनिट और सर्जरी जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस अस्पताल के शुरू होने से नौगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। अब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय या अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

# भारतीय किसान संघ ने अति वर्षा से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

छतरपुर ।‹

भारतीय किसान संघ ने अति वृष्टि से किसानों को हुए भारी नुकसान समेत अन्य मुद्दों को लेकर जनसुनवाई में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद पटेल ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से दो-तीन दिनों की लगातार भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए फसल बीमा राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई है। साथ ही किसानों की उपज की एमएसपी पर खरीदी के लिए निर्धारित समयसीमा बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए कहा गया है कि समय पर खरीदी सुनिश्चित की जाए।




अयोध्या प्रसाद पटेल ने कहा कि यह ज्ञापन सूचना के रूप में मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसानों की इन मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया और समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो भारतीय किसान संघ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी और स्थानीय किसान मौजूद रहे। किसान संघ का कहना है कि लगातार बारिश से खरीफ फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है और किसान इस समय आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इसलिए सरकार को तुरंत राहत पैकेज और बीमा क्लेम जारी करना चाहिए।

## कचरा फेंकने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई




**छतरपुर।** नगरपालिका की परिषद बजट बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षदों ने नाराजगी जताई। कई वार्डों में कचरे के ढेर और खाली प्लॉटों में गंदगी की शिकायतें सामने आईं और स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 को ध्यान रखते हुए मंगलवार को सीएमओ माधुरी शर्मा ने बैठक लेकर शहर की सफाई व्यवस्था को बैठक आयोजित हुई।उन्होंने वार्डवार सुपरवाईजर को निर्देश दिए कि हर वार्ड में रोजाना सफाई हो और कचरा समय पर उठे। गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, सड़कों, बाजारों और नालियों की सफाई हो, साथ ही सार्वजनिक जगहों, खाली प्लाट पर कचरा फेंकने वालों पर और प्लाट मालिक पर चलानी कार्रवाई करें। सीएमओ ने शहरवासियों से शहर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की है और सभी के प्रयास से ही छतरपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंक हासिल हो सके। बैठक में स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक रविंद्र तिवारी सहित सफाई सुपरवाइजर मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## बेटे के लिए तड़प रही मां, पुलिस से भी नहीं मिल रही सहायता

रीवा। नगर परिषद गोविंदगढ़ वार्ड क्रमांक 10 निवासी दीपांशु गुप्ता पिता स्वर्गीय शरमन गुप्ता बीते 6 फरवरी 2026 को काम-धंधे की तलाश में घर से निकला था। शुरुआती कुछ दिनों तक वह फोन के माध्यम से अपने परिजनों के संपर्क में रहा, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ माह से उसका मोबाइल बंद है और उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।परिजनों के अनुसार अचानक संपर्क टूट जाने से परिवार गहरे चिंता में है। बेटे की कोई खबर न मिलने से मां का रो-रोकर बुरा हाल है और वह लगातार उसके सुरक्षित लौटने की प्रार्थना कर रही है।मामले की सूचना गोविंदगढ़ थाने में भी दी गई, लेकिन अब तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा मामले में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। हताश और परेशान मां ने पुलिस अधीक्षक रीवा से गुहार लगाते हुए अपने बेटे की सकुशल तलाश और जल्द पतासाजी कराने की मांग की है।

## कलेक्टर ने 72 आवेदकों की समस्यायें सुनीं

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 72 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिये। हटवा निवासी राधिका के नहर के मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन पर एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। इसी प्रकार निवासी सुरेश प्रसाद के तालाब से कब्जा हटाने, त्योंथर निवासी रामगरीब माझी के आवासीय पट्टा दिलाये जाने, बैकुंठपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के बंद रास्ता को खोले जाने तथा रीवा निवासी केशकली के अनुग्रह राशि के भुगतान के आवेदन पर संबंधित तहसीलदारों को समुचित कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। दुआरी के लवकुश द्विवेदी के नामांतरण के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को, इटौरी के अजायबलाल कहार के नक्शा तरमीम के आवेदन पर तहसीलदार जवा को तथा गुढ़वा के अरूणेन्द्र पटेल के शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही के लिये निर्देश दिये गये। नौढ़यि निवासी पुष्पेन्द्र पटेल ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जल आपूर्ति न हो पाने का आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## जल संरक्षण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से करें

# बिछिया नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में कराएं जल संरक्षण के कार्य : कमिश्नर



रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की विशेष पहल पर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन अनिवार्य है। अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारी कार्ययोजना बनाकर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। सभी अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान में सर्वोच्च प्राथमिकता से जल संरक्षण के कार्य कराएं। संभाग के सभी जिलों के लिए एक-एक नदी के उद्गम स्थल की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के अन्य कार्य चिन्हित किए गए हैं। रीवा और मऊगंज जिले में बिछिया नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी बिछिया अपनी धरोहर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण के कार्य कराएं। शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग मिलकर इसके लिए जागरूकता अभियान चलाएं। नदी की साफ-सफाई के लिए सामूहिक रूप से श्रमदान, जल यात्रा, जल संरक्षण की शपथ तथा जल रैली जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करें। सामाजिक संगठनों एवं आमजनता को भी इस अभियान में शामिल करें। संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद इसकी कार्ययोजना तैयार करें। शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए नोडल अधिकारी होंगे। अभियान के तहत 67 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण से जुड़े कार्य कराए जाएंगे।कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइलों का मूवमेंट करें। रीवा संभाग ई आफिस में संभागीय ग्रेडिंग में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। संभाग के सभी जिलों में भी ई आफिस प्रणाली का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराएं। संकल्प से समाधान अभियान में रीवा, सीधी, सतना और सिंगरौली जिलों में लगभग शत-प्रतिशत आवेदन पत्रों का निराकरण कर दिया गया है। मऊगंज और मैहर जिलों में लंबित आवेदन पत्रों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। संभाग के सभी जिलों में 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीके लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर सभी चिन्हित किशोरियों को टीके लगवाएं। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सबसे कारगर उपाय है। हर माता-पिता अपनी बेटी को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएंगे। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि खाद्य नियंत्रक तथा अन्य अधिकारी 15 अप्रैल से शुरू हो रहे गेहूं उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में उचित व्यवस्था करें। उपार्जित गेंहू के परिवहन, भण्डारण के लिए भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। रीवा बायपास रोड में पुल में सुधार का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। इस अवधि तक बायपास मार्ग में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कराएं। अधीक्षण यंत्री पीएचई पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं। जिला और विकासखण्ड स्तर पर पेयजल कंट्रोल रूम शुरू कराकर पेयजल व्यवस्था की निगरानी करें। नलजल योजनाओं तथा हैण्डपंपों के सुधार के लिए आवश्यक सामग्री के साथ विकासखण्ड स्तर पर दल तैनात कर दें।

कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सीएम हेल्पलाइन में लेबल एक में आवेदन पत्रों में तय समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। लंबित शिकायतों की संख्या यदि बढ़ती है तो उत्तरदायी अधिकारी के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा श्रम विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, अनुविभागीय अधिकारी वन हितेश खण्डेलवाल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर आज कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

रीवा । कमिश्नर बीएस जामोद 8 अप्रैल को शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में पेयजल व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मरों की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल स्वावलंबी योजना की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान, एचपीवी टीकाकरण अभियान, उपार्जन की तैयारियों, कुपोषण नियंत्रण स्कूल चलें हम अभियान, संवाद से समाधान अभियान, पंचायतों द्वारा बिजली बिल के भुगतान तथा नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

## रीवा संभाग ई आफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

रीवा । प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 17811 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 69074 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 5485 फाइलों का क्रिएशन तथा 45740 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 2920 फाइलों का क्रिएशन तथा 32356 फाइलों का मूवमेंट हुआ है।

कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 15वें स्थान पर है। रीवा जिले में 6995 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 48214 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 51वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 42वें तथा मैहर जिला 50वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई आफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

**हर माह एक दिन थानों-चौकियों से बाहर निकलेगी पुलिस, 77 थानों और 64 चौकियों में होगा आयोजन**

# रीवा जोन में जन चौपाल: आपकी पुलिस आपके द्वार अभियान की शुरुआत

### विगत एक साल में अवैध शराब और नशे के खिलाफ हुई कार्रवाई का आईजी ने पेश किया ब्योरा



रीवा। कानून व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से रीवा जोन पुलिस ने एक नई पहल की शुरुआत की है। जन चौपाल,आपकी पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत अब पुलिस सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेगी और उनका समाधान मौके पर ही करने का प्रयास करेगी। रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस अभियान की जानकारी दी। इस दौरान डीआईजी शैलेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान सहित जोन के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे। आईजी ने बताया कि जोन के अंतर्गत आने वाले 77 थानों और 64 पुलिस चौकियों में हर माह एक दिन यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक माह निर्धारित दिन पर संबंधित थाना या चौकी क्षेत्र के किसी सार्वजनिक स्थान पर शाम 4 बजे से 6 बजे तक जन चौपाल लगेगी। इसकी शुरुआत आगामी मंगलवार से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच संवाद को मजबूत करना है। अब जनता पुलिस के पास नहीं, बल्कि पुलिस जनता के पास जाएगी। कार्यक्रम के दौरान लोगों की शिकायतें, सुझाव और समस्याएं सुनी जाएंगी तथा उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। इस अभियान की विशेष बात यह है कि इसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। जिले के पुलिस अधीक्षक, डीआईजी और आईजी किसी भी स्थान पर पहुंचकर कार्यक्रम का निरीक्षण कर सकते हैं और स्वयं जनता से संवाद स्थापित करेंगे।

### एक साल में अवैध शराब के खिलाफ सख्त हुई कार्रवाई, करोड़ों की जब्ती

रीवा जोन में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस अवधि में 11,132 प्रकरण दर्ज करते हुए 11,333 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### 33,717.18 लीटर देशी 22,613.315 लीटर अंग्रेजी 25,755.4 लीटर कच्ची शराब

जब्त की, जिसकी कुल कीमत करीब 3.83 करोड़ रुपये आंकी गई। इसके अलावा अवैध परिवहन में प्रयुक्त 171 वाहन (79 दोपहिया, 92 चारपहिया) भी जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 6.67 करोड़ रुपये है।

### ऑपरेशन प्रहार में नशे के कारोबार पर करारा प्रहार

रीवा जोन में ऑपरेशन प्रहार 1.0 और 2.0 के तहत 01 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 तक एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान 705 प्रकरण दर्ज कर 1,142 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में पुलिस ने 2773.007 किलोग्राम गांजा 75,075 शीशी कोरेक्स 4,00,637 नशीली टैबलेट व कैप्सूल 450 अफीम के पौधे,162.23 ग्राम स्मैक,117.79 ग्राम हेरोइन,234 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। इनकी कुल कीमत लगभग 5.38 करोड़ रुपये बताई गई है। साथ ही 222 वाहन (86 चारपहिया, 136 दोपहिया) जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 7.73 करोड़ रुपये है।

### पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर अपराधियों पर कसी नकेल

अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए जोन के सभी जिलों में 11 बार विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 1920 स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी 4408 गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ 3378 निगरानी बदमाशों की चेकिंग 4460 गुंडा बदमाशों की जांच की गई।

### जनसंवाद से बदलेगी पुलिसिंग की तस्वीर

आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत ने बताया कि जन चौपालः आपकी पुलिस आपके द्वार अभियान को रीवा जोन में पुलिसिंग के नए मॉडल के रूप में देखा जायेगा, इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि पुलिस को भी जमीनी स्तर पर समस्याओं को समझने और त्वरित समाधान देने में मदद मिलेगी। यह पहल आने वाले समय में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत, संवेदनशील और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# महिला सशक्तिकरण पर शोध कर वंदना मिश्रा ने हासिल की शैक्षणिक उपलब्धि

### रीवा जिले के संदर्भ में मध्यप्रदेश की योजनाओं का आर्थिक विश्लेषण



रीवा। रीवा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग की अतिथि विद्वान श्रीमती वंदना मिश्रा ने अपने शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कर महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि अर्जित की है। वंदना मिश्रा, जो कि रामायण प्रसाद मिश्रा की सुपुत्री हैं, वंदना ने मध्य प्रदेश में महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा, एक आर्थिक अध्ययन (रीवा जिले के विशेष संदर्भ में)" विषय पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किया है। उनका यह शोध वर्तमान समय में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में चल रही सरकारी योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह शोध कार्य उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रख्यात शिक्षाविद एवं आचार्य डॉ. एन.पी. पाठक के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। विभागीय सहयोग भी इस उपलब्धि में उल्लेखनीय रहा। व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग के समस्त अतिथि विद्वानों एवं संकाय सदस्यों ने शोध कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एन.पी. पाठक सहित सभी सदस्यों ने वंदना मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर परिवार में भी हर्ष का वातावरण है। उनके पिता रामायण प्रसाद मिश्रा, माता शसंतोष कुमारी मिश्रा, ससुर इंजीनियर केशव प्रसाद तिवारी, सास श्याम कली तिवारी एवं पति कृष्णकांत तिवारी सहित समस्त परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

# गैस सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी डेट में अधिक अंतर होने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी: अजय खरे

### अधिकांश घरों तक ईंधन गैस सिलेंडर नहीं पहुंचने से कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा

रीवा 7 अप्रैल। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि 38 दिन पहले अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद से मध्य पूर्व एशिया में युद्ध नहीं थम रहा। वैश्विक तनाव की स्थिति में पेट्रोलियम संसाधनों की आपूर्ति का संकट दिखलाई दे रहा है। लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि एक तरफ पेट्रोल डीजल ईंधन गैस आपूर्ति पर केंद्र सरकार नियंत्रण का दावा कर रही है और दूसरी तरफ ईंधन गैस आपूर्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिल रही है। कालाबाजारिए आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। गैस गोदामों पर अभी भी बुकिंग उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें होम डिलीवरी में होने वाली देरी और मनमानी वसूली को जाहिर कर रहीं हैं। यह भी शिकायत है कि गैस बुकिंग के 20 दिन बाद भी लोगों को भरा सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कुछ मामलों में तो गैस बुकिंग के कुछ दिन बाद उसे कैंसिल कर दिया जा रहा है। शिकायत करने पर बताया जाता है कि केवाईसी नहीं होने के कारण ऐसा किया गया। जब उपभोक्ता के द्वारा यह सवाल किया गया कि यदि केवाईसी नहीं है तो बुकिंग कैसे संभव तो फिर उससे कहा गया कि वह फिर से मिस कॉल करके नई बुकिंग कराए। जब उपभोक्ता ने ऐसा करने से मना किया कि गलती आपकी है तो उसे आप ही सुधारो तब कंपनी के द्वारा आश्वस्त किया जाता है कि 7 दिन के अंदर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। श्री खरे ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एक गैस सिलेंडर की डिलीवरी के बाद 25 दिन पूरा होने पर अगली बुकिंग होती है। ऐसी स्थिति में यदि बुकिंग की डेट और डिलीवरी डेट में जितना अधिक अंतर होगा उससे अगली डिलीवरी के लिए और अधिक इंतजार करना पड़ेगा। श्री खरे ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को गैस के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है, जो सरासर गलत है। उपभोक्ताओं को उचित समय और दाम पर घर-घर सिलेंडर उपलब्ध करने की जवाबदेही प्रशासन की है। यदि ऐसा नहीं हो पा रहा तो कालाबाजारियों एवं प्रशासनिक तंत्र की सांठ-गांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## संजय पाण्डेय युवा एकता परिषद मऊगंज के जिला अध्यक्ष नियुक्त

रीवा। सामाजिक सरोकारों और युवाओं की एकजुटता के लिए कार्यरत सामाजिक संगठन युवा एकता परिषद युवा आगाज ने मऊगंज जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए भूतपूर्व सैनिक संजय पाण्डेय को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही संगठन ने जिले में अपनी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश संगठन मंत्री विमलेश द्विवेदी द्वारा संजय पाण्डेय की कार्यक्षमता,सामाजिक सक्रियता एवं युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे युवाओं को एकजुट कर समाजहित के कार्यों को नई दिशा देंगे और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।युवा एकता परिषद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को सामाजिक, शैक्षणिक और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहेगा। इस नियुक्ति पर संगठन के मार्गदर्शक नरेन्द्र द्विवेदी दादू,वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार शेरा, प्रदेश प्रभारी दीपक मिश्रा बोस,प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा सरकार,प्रदेश संयोजक अमर पासी समेत संगठन के साथियों एवं युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए संजय पाण्डेय को शुभकामनाएँ दी हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही जिला स्तर पर एक बैठक आयोजित कर संगठन की आगामी रणनीति और कार्ययोजना तय की जाएगी, जिसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## जनता के सहयोग से नशामुक्त समाज बनेगा: एसडीओपी सची पाठक




मऊगंज। जिले के नईगढ़ी जनपद सभागार में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी मऊगंज सची पाठक शामिल हुईं। इस अवसर पर सची पाठक ने कहा कि जनता के सहयोग से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं एवं आम नागरिकों से नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जो जनपद परिसर से प्रारंभ होकर नईगढ़ी बाजार होते हुए थाना परिसर तक पहुंची। रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का संचालन एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक उमेश तिवारी ने किया, जबकि आयोजन नईगढ़ी थाना प्रभारी ऋषि द्विवेदी एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस दौरान अगस्त क्रांति मंच संयोजक कुंजबिहारी तिवारी, त्रिवेणी बहुउद्देशीय जन कल्याण संस्था नईगढ़ी के प्रतिनिधि, अहिंसा टीम से सुरेंद्र चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के परामर्शदाता पवन शर्मा, राजरमन पटेल, चंदन पांडेय, सुषमा यादव, मंडल अध्यक्ष विभा रामदयाल शर्मा एवं विजय गुप्ता, गेंदलाल चौबे तथा पोषक प्रशिक्षक आशीष खरे उपस्थित रहे।साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी, आंगनवाड़ी सहायिका, महिला समूह की सदस्य, जन अभियान परिषद के मेंटर्स एवं समिति सदस्य, छात्र-छात्राएं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# कांग्रेस पार्टी की महिला सेवा दल मऊगंज की बैठक का हुआ आयोजन

### प्रदेश अध्यक्ष संगीता काकड़िया ने किया सम्बोधित



मऊगंज। जिले में कांग्रेस महिला सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष संगीता काकरिया के आगमन पर रीवा संभागीय प्रभारी अरुणा तिवारी के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की उपस्थित में महिला सेवा दल की एक बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्षा ने सेवादल संगठन के दायित्व को समझाया संगठन का उद्देश्य और कार्य नीति से अवगत कराया और बहनों को जागरूक किया मौजूदा हालातो को देखते हुए किस तरह से हमें कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करना है गांधी का अनुसरण कर हमें अहिंसात्मक तरीके से जन संघर्ष जन सेवा करना है उन्होंने पुरुष वर्ग को भी संबोधित करते हुए ज्योतिबा फुले को आदर्श मानते हुए स्मरण कराया कि जिस तरह ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी को पूरे देश में एक प्रथम शिक्षिका के तौर पर पहचान दिलाने में मदद की उसी प्रकार पुरुष वर्ग को भी आधी आबादी वाली महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के लिए अपने घर की महिलाओं को आगे करना होगा उन्होंने यह भी कहा महिलाओं की भागीदारी कम है किंतु महिलाएं कमजोर नहीं उन्होंने पार्टी की पूर्वज प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का स्मरण करते हुए महिलाओं को मजबूती से नेतृत्व करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर संभागीय प्रभारी अरुण तिवारी ने भी सेवा दल में पूर्व से ही अपनी भूमिका निभाते हुए सेवादल संगठन की प्रशंसा करते हुए अनुशासन का महत्व समझाया वहीं जिला अध्यक्ष ने बहनों के साथ मजबूती से खड़े रहने के लिए विश्वास जताया और साथ ही सेवादल के जो भी रवि मिलन और मासिक ध्वज बंधन जैसे कार्यक्रम है उनका पूरी मजबूती के साथ आयोजन करने हेतु विश्वास दिलाया। यह कार्यक्रम सुखेंद्र सिंह बन्ना पूर्व विधायक के निर्देशन पर आयोजित किया गयाइस बैठक में मुख्य रूप से महिला सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष संगीता काकड़िया संभागीय प्रभारी अरुणा तिवारी अधिवक्ता सीमा मिश्रा तराना खान प्रभा सोहगौरा शैलजा पांडे रेशमा सोनी अनीता भारतीय पारुल विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रही उनके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी किसान कांग्रेस अध्यक्ष उमाकांत पटेल महेश यादव हिंछलाल पटेल बारिश खान मलिक पांडे राजेश दुबे सुरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।